कार्यालय मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)
**उ0प्र0 पावर कार्पोरेशन लिमिटेड**
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
**U.P. POWER CORPORATION LIMITED**
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ।
CIN : U32201UP1999SGC024928
ई–मेल : ce.hydel@uppcl.org
फोन न0 : 0522–2288656

**पत्रांक/1604/2024/HYDLOUNON(128)/1/2024/P.O./K.A./WZ दिनांक29-11-2024**

**समस्त मुख्य अभियन्ता,**
**समस्त महाप्रबन्धक,**
**उ0प्र0पा0का0लि0।**

**विषयः राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उ0प्र0 के 77वें महाधिवेशन कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु संगठन के केन्द्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों तथा अन्य प्रतिनिधि सदस्यों को विशेष आकस्मिक अवकाश की स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक, श्री जी0वी0 पटेल, केन्द्रीय अध्यक्ष, राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उ0प्र0, कार्यालय सहयोग सदन, 6 गोखले मार्ग, लखनऊ के पत्रांक-223/स-8, दिनांक 13.11.2024 के द्वारा सूचित किया गया है कि संगठन का 77वां महाधिवेशन दिनांकः 19.12.2024, 20.12.2024 एवं 21.12.2024 को रविन्द्रालय, चारबाग़, लखनऊ में आयोजित होना निश्चित हुआ है। उक्त निर्धारित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु संगठन के केन्द्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों को दिनांकः 19.12.2024, 20.12.2024 एवं 21.12.2024 को तथा अन्य प्रतिनिधि सदस्यों को दिनांक 20.12.2024 एवं 21.12.2024 को विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संगठन के केन्द्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों को दिनांक 19.12.2024 तथा संगठन के अन्य प्रतिनिधि सदस्यों को दिनांक 20.12.2024 एवं 21.12.2024 का "विशेष आकस्मिक अवकाश" उन्हें आवंटित कार्यों की आवश्यकता एवं आकस्मिकता को दृष्टिगत रखते हुए, जिसके एक मात्र निर्णायक सम्बन्धित नियंत्रक अधिकारी होंगे, उन्हें कारपोरेशन के आदेश सं0-3488 दिनांक 05.12.1983 एवं आदेश सं0-5948-औ0सं0-17/पाकालि/2003-188ए0एस0/96, दिनांक 31 दिसम्बर, 2003 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत आवेदन करने पर विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने का कष्ट करें।

**भवदीय,**

**(सूरज पाल)**
**कार्मिक अधिकारी**
कृते मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. प्रबन्ध निदेशक, पूर्वान्चल, पश्चिमांचल, दक्षिणांचल, मध्यांचल एवं केस्को विद्युत वितरण निगम लि0,वाराणसी, मेरठ, आगरा, लखनऊ, एवं कानपुर।
2. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. महाप्रबन्धक (औ0सं0), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. केन्द्रीय अध्यक्ष, राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उ0प्र0, कार्यालय-सहयोग सदन, 6 गोखले मार्ग, लखनऊ